Title: Need to extend Sakri-Hasanpur rail line upto Barauni in Bihar-Laid.

श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार): उत्तर बिहार की नये रेल परियोजनाओं में सकरी-हसनपुर रेल लाइन का विस्तार छौराही, मंझौल, वीरपुर होते हुए बरौनी जंक्शन तक करने के संबंध में मेरा अनुरोध है कि इस क्षेत्र की भौगेलिक स्थिति को ध्यान में रखकर, प्रस्तावित सकरी-हसनपुर नई रेल लाइन को बरौनी जंक्शन तक विस्तार करने पर ही रेलवे की वास्तविक परियोजना की सार्थकता सिद्ध होगी। मेरे अनुरोध के क्रम में तत्कालीन रेल मंत्री ने सकरी-हसनपुर रेल लाइन का विस्तार बरौनी जंक्शन तक करने की मंजूरी देते हुए हसनपुर-बरौनी नई रेल लाइन के सर्वेक्षण के आदेश दिए थे। मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई है कि इसके सर्वेक्षण के उपरांत इसे अलाभप्रद योजना के कारण इस प्रस्ताव पर कार्य प्रारम्भ करना संभव नहीं है।

मेरा सुझाव है कि प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण से कृा क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं पर्यटन क्षेत्र में एक नई क्रांति आयेगी। साथ ही हसनपुर से बरौनी तक विस्तार से यह लाइन चार लोकसभायी क्षेत्र को लाभान्वित करेगा।

मेरा आग्रह है कि जनहित में सकरी-हसनपुर रेल लाइन का विस्ताव बरौनी तक करने के पूर्व के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर आगामी वित्तीय र्वा में सर्वेक्षित राशि उपलब्ध कराकर विस्तार संबंधी नई रेल लाइन का श्रीगणेश किया जाए।